प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 25.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा के बजट सत्र के 18वें दिन आज प्रश्नकाल जारी, निजी कंपनियों में स्थानीय को 75 प्रतिशत आरक्षण समेत कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक।
2. भाजपा ने राज्य सरकार पर ओबीसी आरक्षण के नाम पर राजनीति करने के लगाया आरोप, मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा– पिछड़े वर्ग के प्रतिनिधित्व को लेकर सरकार संकल्पित।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज होगी राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, राज्यहित में कई प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी।
4. सुरक्षाबलों ने नाकाम की नक्सलियों की साजिश, बूढ़ा पहाड़ इलाके में जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगायी गयी शक्तिशाली आइइडी को किया नष्ट।
5. राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण में आज शाम रांची में मेजबान झारखंड का हॉकी हरियाणा से होगा मुकाबला।

********************

विधासभा के बजट सत्र के 18वें दिन आज प्रश्न काल सुचारु रुप से चल रहा है। कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस भी जारी है। सदन की कार्यवाही शुरु होती ही जेएलकेएम विधायक जयराम महतो ने राज्य में स्थापित निजी कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को आरक्षण नहीं मिलने का मामला उठाया।

जवाब में प्रभारी मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि यह मामला उच्च न्यायालय में लंबित होने के कारण सरकार की ओर से इस दिशा में फिलहाल कोई पहल नहीं की जा रही है। अदालत का फैसला आते ही सरकार आगे की कार्रवाई करेगी।

********************

इससे पहले सदन के बाहर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने आरोप लगाया कि ओबीसी आरक्षण के मामले में सरकार राजनीति कर रही है।

इस पर पलटवार करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि पिछड़े वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए सरकार गंभीर है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक का समय शाम चार बजे या विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने के बाद निर्धारित है। बैठक में राज्यहित में विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है।

********************

गढ़वा जिले के बूढ़ापहाड़ की तलहटी तुमेरा के जंगल में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों की साजिश को सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया है। सुरक्षाबलों ने इलाके से दो किलोग्राम का शक्तिशाली केन बम बरामद किया है। नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए इसे लगा रखा था। सीआरपीएफ कमाडेंट निपेंद्र सिंह ने बताया कि बम निरोधक दस्ते के सहयोग से विस्फोटक को जंगल में ही नष्ट कर दिया गया।

********************

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के डीजीपी के पद पर नियुक्ति से संबंधित एक अवमानना याचिका में प्रतिवादी बनाये गये अधिकारियों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। साथ ही मामले की अगली सुनवाई के लिए चार–पांच मई की तिथि निर्धारित की है। गौरतलब है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति में अदालत की अवमानना का आरोप लगाते हुए शीर्ष अदालत में एक याचिका दाखिल की है।

********************

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के रहने वाले प्रसनजीत दास उर्फ जोजो साइकिल से 195 देशों की यात्रा पर निकले हैं। प्रसनजीत साइकिल से श्रीलंका जाने के क्रम में आज सुबह बोकारो पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनकी इस यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण और स्वास्थ्य को लेकर लोगों को जागरूक करना है।

********************

रामगढ़ जिले में ई– केवाईसी को लेकर जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

********************

बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कमजोर पड़ जाने के कारण रांची समेत राज्यभर में मौसम साफ हो गया है। मौसम विभाग ने तापमान में 6 डिग्री तक की वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया है।

********************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–

- गढ़वा में राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव में अश्लील गानों और डांस की प्रस्तुति को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। इसको लेकर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दोषियों पर कार्रवाई करने को कहा है।
- एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी ने गढवा जिले के रमुना प्रखंड में पदस्थापित मनरेगा बीपीओ प्रभु कुमार को 12 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

********************